# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Annual Examination (2025 – 2026)

**Class III / Sec: --------** **MM: 80**

**Subject:-Hindi** **Time: 2 Hrs.15 min**

Name: ____________ Roll No.:__________ Invigilator sign -------------

***(Fifteen minutes Extra will be given for reading the question paper.)***

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न-पत्र में तीन खंड है- खण्ड'अ', खण्ड'ब' और खण्ड 'स' ।

2 तीनों खण्डों के प्रश्नो के उत्तर देना अनिवार्य हैं ।

3 यथासंभव तीनों खण्डों के प्रश्नो के उत्तर क्रमश: लिखिए ।

**खण्ड 'अ'**

**प्रश्न 1 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए |** (1x7 =7)

जल है तो कल है। यह बात बिल्कुल सही है, क्योंकि पानी के बिना पृथ्वी पर किसी का भी जीवित रहना मुश्किल है। यह सब बाते जानते हुए भी व्यक्ति इसे बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ता है। हमारी पृथ्वी का 71% भाग जल से घिरा हुआ है जिसमें से केवल 1.6% जल ही मानव के प्रयोग करने लायक है। भारत के कई राज्यों में स्वच्छ जल की कमी है। कई स्थानों पर प्रकृति के इस अमूल्य उपहार को खरीद कर प्रयोग किया जाता है। यह सब देखते हुए प्रकृति की इस धरोहर को बचाने और धरती पर जीवन कायम रखने के लिए कई देश जल संरक्षण पर काम भी कर रहे हैं। जल संरक्षण जल बचाने को कहते हैं, इसलिए हमें जल का दुरुपयोग करने से बचना चाहिए। और पानी की एक-एक बूँद को बचाकर जल संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए।

(i) किसके बिना पृथ्वी पर जीवित रहना मुश्किल है ?

क मिट्टी  ख पानी

ग कागज  घ पत्ता

(ii) हमारी पृथ्वी का कितना प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है ?

क 71% | ख 72%

ग 73% | घ 74%

(iii) कितना प्रतिशत जल ही मानव के प्रयोग करने लायक है ?

क 1.7% | ख 1.8%

ग 1.6% | घ 1.9%

(iv) भारत में कहाँ स्वच्छ जल की कमी है ?

क गावों में | ख शहरों में

ग प्रदेशों में | घ राज्यों में

(v) जल संरक्षण .................. को कहते हैं ?

क पेड़ बचाना | ख पौधे बचाना

ग जल बचाने | घ मिट्टी बचाना

(vi) हमें क्या करने से बचना चाहिए ?

क जल का दुरुपयोग | ख जल का सदुपयोग

ग जल का योग | घ जल का उपयोग

(vii) हमें किसमें अपना योगदान देना चाहिए ?

क मिट्टी संरक्षण | ख कागज संरक्षण

ग जल संरक्षण | घ पशु संरक्षण

**प्रश्न 2 काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए |** **(1x5=5)**

खिल गए हैं रंग-बिरंगे फूल

इन फूलों की बात निराली

रखवाली करते इनकी माली

सबको फूल लुभाते हैं

छत्ते से मधुमक्खी आती है

फूलों का रस चूस कर

शहद का स्वाद चखाती है

भंवरे गुन-गुन इन पर मंडराते हैं

एक प्यारा-सा राग सुनाते हैं

तितली रानी आती-जाती

फूलों से मिलकर खूब बताती।

(i) फूलों की रखवाली कौन करता है ?

| | |
|---|---|
| क माली | ख मालिक |
| ग बच्चे | घ बूढ़े |

(ii) कहाँ से मधुमक्खी आती है ?

| | |
|---|---|
| क पेड़ से | ख पौधे से |
| ग छत्ते से | घ पत्ते से |

(iii) मधुमक्खी किसका स्वाद चखाती है ?

| | |
|---|---|
| क गुड़ | ख शक्कर |
| ग मिठाई | घ शहद |

(iv) कौन गुन-गुन कर मंडराते हैं ?

| | |
|---|---|
| क कौआ | ख भंवरे |
| ग चिड़िया | घ मैना |

(v) कौन फूलों से मिलकर खूब बताती है ?

| | |
|---|---|
| क मधुमक्खी | ख चीटी |
| ग गौरेया | घ तितली |

खण्ड 'ब'

**प्रश्न 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(1x4= 4)**

(क) संज्ञा की जगह आने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?

.....................................................................................................................................

(ख) 'वह पुस्तक पढ़ता है।' उदाहरण से सर्वनाम छाँटकर लिखिए |

.....................................................................................................................................

(ग) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं ?

.....................................................................................................................................

(घ) दो विशेषण शब्द लिखिए ।

.....................................................................................................................................

**प्रश्न 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(1x4= 4)**

(क) किसी काम के करने या होने को बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?

.....................................................................................................................................

(ख) 'राधा खेल रही है।' क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए |

.....................................................................................................................................

(ग) समान अर्थ बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं ?

.....................................................................................................................................

(घ) 'फूल' का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए ?

.....................................................................................................................................

**प्रश्न 5 सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए |** **(1x5=5)**

(i) ''आँख' का पर्यायवाची शब्द है -

क अग्नि ख नेत्र

ग बाग घ धरा

(ii) 'नया' का विलोम शब्द है -

क पतला | ख बैठना

ग पुराना | घ सफेद

(iii) 'सरदी' का विलोम शब्द है -

क दूर | ख कल

ग दिन | घ गरमी

(iv) 'हँसना' का विलोम शब्द होगा -

क झूठ | ख रोना

ग बुरा | घ मूर्ख

(v) '11' का हिंदी शब्द है -

क ग्यारह | ख बारह

ग तेरह | घ चौदह

**प्रश्न 6 सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए |** **(1x5=5)**

(i) 'पंद्रह' का अंक है -

क 14 | ख 15

ग 16 | घ 17

(ii) '26' का हिंदी शब्द है -

क चौबीस | ख पच्चीस

ग छब्बीस | घ सत्ताईस

(iii) 'उल्लू बनाना' मुहावरे का अर्थ है -

क मूर्ख बनाना | ख साफ़ मना कर देना

ग सो जाना | घ बहुत शोर करना

(iv) 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ है -

क बहुत कम दिखाई देना | ख भाग जाना

ग गहरी नींद में सोना | घ शाबाशी देना

(v) 'बहुत प्रसन्न होना' किस मुहावरे का अर्थ है -

क घोड़े बेचकर सोना | ख घी के दीये जलाना

ग दाँतों तले उँगली दबाना | घ फूला न समाना

**खण्ड 'स'**

**प्रश्न 7 गद्यांश को पढकर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए।** **(1x5=5)**

एक जंगल में खरनखर नाम का एक सिंह रहता था| एक दिन उसे बहुत भूख लगी| वह आहार की खोज में पूरे जंगल में घूमता रहा, पर एक चूहा तक हाथ नहीं लगा| इस खोज में ही शाम हो गई| अँधेरा हो रहा था| इसी समय उसे एक माँद दिखाई दी| रात काटने के लिए वह उसी में घुस गया| उस माँद में घुसकर उसने सोचा, इसमें कोई न कोई पशु तो रहता ही होगा| जब वह विश्राम करने के लिए इसमें घुसेगा, मैं उसे दबोच लूँगा| यह सोचकर वह उस माँद में एक ओर छिपकर बैठ गया| उस माँद में दधिपुच्छ नाम का एक सियार रहा करता था| वह माँद की ओर आ रहा था| माँद के द्वार पर आकर उसने देखा तो उसे सिंह के पैरों के चिन्ह दिखाई दिए|

(i) जंगल में किस नाम का एक सिंह रहता था ?

क खरनखल | ख खरनखग

ग खरनखर | घ खरनखक

(ii) सिंह ......... की खोज में पूरे जंगल में घूमता रहा ? रिक्त स्थान को विकल्प से चयन कीजिए |

क त्योहार | ख आहार

ग विहार | घ व्यवहार

(iii) सिंह कहाँ छिपकर बैठ गया ?

क माँद | ख जंगल

ग घर | घ खेत

(iv) माँद में कौन रहा करता था?

क कुत्ता | ख शेर

ग हाथी | घ सियार

(v) माँद के द्वार पर सियार को किसके पैरों के चिन्ह दिखाई दिए ?

क इंसान | ख सियार

ग सिंह | घ बैल

**प्रश्न 8 प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(2x5=10)**

क) 'चतुर गीदड़' कहानी में हमें किसके जैसा होना चाहिए ?

......................................................................................................................................

......................................................................................................................................

ख) अंत में कछुए ने मगरमच्छ से क्या कहा ?

......................................................................................................................................

......................................................................................................................................

ग) किसान क्या कर रहा था ?

......................................................................................................................................

......................................................................................................................................

घ) आलू की उपज हुई तो भालू को क्या खाने को मिला ?

......................................................................................................................................

......................................................................................................................................

ङ) 'बोलने वाली माँद' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

......................................................................................................................................

......................................................................................................................................

**प्रश्न 9 काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए|** (1x5=5)

सीना ताने रहो अकड़कर,

रस्सा दोनों ओर पकड़कर,

तिरछे पड़कर, कमर जकड़कर,

ज़ोर लगाओ, हेई सा!

हेई सा! भई, हेई सा!

खींचो, खींचो, ज़ोर लगाओ,

पैर गड़ाकर, पीठ अड़ाओ,

आड़ी-तिरछी चाल भिड़ाओ,

ज़ोर लगाओ, हेई सा!

हेई सा! भई, हेई सा!

रस्सा नहीं फिसलने पाए,

साथी नहीं बिचलने पाए,

जोश-खरोश न ढलने पाए|

(i) कविता में कवि रस्सा कितने ओर से पकड़ने को कह रहे हैं ?

क एक ओर से ख दोनों ओर से

ग तीनों ओर से घ चारों ओर से

(ii) तिरछे पड़ कर कवि क्या जकड़ कर जोर लगाने के लिए कह रहे हैं ?

क कमर ख हाथ

ग पैर घ सिर

(iii) कवि खेल में कैसी चाल भिड़ाओ कह रहे हैं ?

क टेढ़ी-तिरछी | ख सीधी-तिरछी

ग तिरछी-तिरछी | घ आड़ी-तिरछी

(iv) रस्सा नहीं फिसलने पाए, ............... नहीं बिचलने पाए ?

क दादी | ख दीदी

ग साथी | घ हाथी

(v) कविता में क्या न ढलने पाए की बात की गई है ?

क सूरज | ख दिन

ग चाँद | घ जोश-खरोश

**प्रश्न 10 प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** (2x5=10)

क) 'रस्साकशी' खेल में किसका इस्तेमाल किया जाता है ?

.........................................................................................................................

.........................................................................................................................

ख) भैंस का क्या उपयोग है ?

.........................................................................................................................

.........................................................................................................................

ग) घोड़े पर सवारी करने पर आपको कैसा महसूस होता है ?

.........................................................................................................................

.........................................................................................................................

घ) भारत का मुकुट किसे कहा गया है ?

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

ङ) 'भारत' कविता में किसकी धारा से जग को पवित्र बताया गया है ?

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

**प्रश्न 11 मिलान कीजिए |** **(1x5=5)**

| | सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|---|
| क | मगरमच्छ | गप्पू गोला |
| ख | रस्साकशी | खेत |
| ग | एक जादुई पिटारा | देश |
| घ | किसान | मछलियाँ |
| ङ. | भारत | कन्हैया लाल 'मत्त' |

**प्रश्न 12 रिक्त स्थान भरो |** **(1x5=5)**

क) रस्साकशी खेल में ...................... लगाया जाता है | ( जोर / शोर )

ख) गोले पर सुतली बाँधने पर वह ..................... बनकर नाचने लगी | (सुतली / कठपुतली )

ग) .................. किसान को मारने झपटा | ( भालू / गाय )

घ) माँद में दधिपुच्छ नाम का एक .................... रहा करता था | ( हाथी / सियार )

(ङ) 'भारत' कविता के कवि का नाम ........... है | ( मनोज कुमार झा / सोहन लाल द्विवेदी )

प्रश्न 13 कोई एक कहानी लिखिए | (5)

प्रश्न 14 तीन दिन के अवकाश के लिए कक्षा शिक्षक को आवेदन पत्र लिखिए ? (5)

अथवा

पाँच दिन के अवकाश के लिए अपने प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए ?

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................